## प्रेस नोट थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर दिनांक 26.02.2023

### थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी को गिरफ्तार कर,माननीय न्यायालय भेजा गया।

अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.02.2023 को सूर्य प्रकाश सिंह थानाध्यक्ष थाना त्रिलोकपुर के नेतृत्व में उ0नि0 राकेश त्रिपाठी चौकी प्रभारी बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर के द्वारा वाद संख्या 2855/2022 धारा 379,411, आईपीसी से संबंधित 01 वारंटी को गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरणः-**

01. फैसल पुत्र शमशेर निवासी हनुमानगढ़ी बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 राकेश त्रिपाठी चौकी प्रभारी बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर
02. का0 पिंटू सरोज चौकी बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर
03. का0 आशीष मौर्या चौकी बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर

## प्रेस नोट- दिनांक 26.02.2023 थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर

### थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी 01 नफर बालअपचारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में राणा महेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.02.2023 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 37/2023 धारा 376/354/506 भादवि0 में आरोपी 01 नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आरक्षी तेजबहादुर यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
03. आरक्षी अरुण कुमार थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**<u>प्रेस नोट- दिनांक  26.02.2023 थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा वाहन चोरी के आरोपी 01 नफर  अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में राणा महेन्द्र प्रताप सिंह  क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज जनपद  सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.02.2023 को डुमरियागंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 39/2023 धारा 379 ,411 भादवि0 में आरोपी 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01. शिवपाल पुत्र हरिहर सोनी सकिन माली मैंनहा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

01-एक अदद मोटरसाइकिल नं.  UP47W7024

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
02. मुख्य आरक्षी श्यामसुंदर मौर्या थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
03. आरक्षी शैलेश कुमार थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**<u>प्रेस नोट- दिनांक 26.02.2023 थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**थाना बांसी पुलिस द्वारा 02 गोतस्करों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से तीन राशि गोवंशीय पशु व पिकप बरामद।**

अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में रोकथाम अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में देवी गुलाम क्षेत्राधिकारी, बांसी के पर्यवेक्षण में अनुज कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक बांसी सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस द्वारा आज दिनांक 26.02.2023 को समय 05.30 बजे बोलेरो पिकअप से गोवंशीय पशुओं की तस्करी

करने वाले गिरोह को राप्ती नदी पुल के पास से 03 राशि गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध मु0अ0सं0 46/2023 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

01.महेश दूवे पुत्र सूर्यनाथ दूवे निवासी हिलगीं नानकार थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र चतुरगुन पाण्डेय निवासी हिलगीं नानकार थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण–**

01.तीन राशि गोवंशीय पशु

02. यू0पी0 58टी 5635 बोलेरो पिकअप

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. प्र0नि0 अनुज कुमार सिंह थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02. उ0नि0 चन्द्रप्रताप सिंह थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

03. आरक्षी गामा यादव थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

04. आरक्षी अनिल गुप्ता थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

05. आरक्षी जितेन्द्र यादव थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

## <u>प्रेस नोटःदिनांक 26.02.2023 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर</u>

आज दिनांक 26.02.2023 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात गर्वित सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात अमरेश कुमार द्वारा उसका बाजार ,पकड़ी चौराहा ,हाईडील तिराहा आदि स्थानों पर अवैध रूप से खडे वाहनों को हटवाया गया एवं रिफ्लेक्टर चस्पा किया गया तथा यातायात नियम का पालन न करने वाले 29 वाहनों से 28500/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

## संशोधित प्रेस नोट पीस कमेटी सिद्धार्थनगर दिनांक 26.02.2023

**आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली व शब-ए-बारात के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं कानून व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर पर की गयी शान्ति समीति की मीटिंग। त्यौहारों को आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की गयी।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार आज दिनांक 26.02.2023 को सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर तथा ललित मिश्र उपजिलाधिकारी सदर की उपस्थिति में आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली, शब-ए-बारात आदि त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर पर शान्ति समीति की गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, शान्ति समीति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों से उनकी समस्याओं के बारे में वार्ता की गयी तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी व्यक्तियों से आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं सदभावनापूर्ण तरीके से मनाने, अफवाहों पर ध्यान ना देने, सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट शेयर ना करने तथा जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। थाना क्षेत्र मे स्थित डीजे धारको किसी भी प्रकार की अश्लील व भड़काऊ गाने न बजाने तथा मानक के अनुसार ध्वनि तीव्रता रखने हेतु निर्देश दिया गया। इसके साथ ही महोदय द्वारा त्यौहारो पर हुड़दंग करने वालों की निगरानी रखने तथा शान्ति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर, तहसीलदार सदर सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## <u>प्रेस नोट दिनांक 26.02.2023</u>

**आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली व शब-ए-बारात के दृष्टिगत जनपद सिद्धार्थनगर के विभिन्न थानों पर शान्ति समीति की गोष्ठी का आयोजन कर त्यौहारों को आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की गयी।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 26.02.2023 को सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली, शब-ए-बारात आदि त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना मोहाना, पथरा बाजार, गोल्हौरा, खेसरहा व मिश्रौलिया पर शान्ति समीति की गोष्ठी का आयोजन किया गया।

आयोजित पीस कमेटी की गोष्ठी में उपस्थित सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, शान्ति समीति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों शासन व उच्चाधिकारीगण के आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया तथा आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं सदभावनापूर्ण तरीके से मनाने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। डीजे धारको किसी भी प्रकार की अश्लील व भड़काऊ गाने न बजाने तथा मानक के अनुसार ध्वनि तीव्रता रखने हेतु निर्देश दिया गया। गोष्ठी के पश्चात थानो पर नियुक्त समस्त स्टाफ व ग्राम प्रहरीगण के साथ गोष्ठी कर उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया तथा तत्काल उनके क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु निर्देशित किया गया। त्यौहार के दिन लगातार क्षेत्र मे बने रहने व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये गये।